>

Title: Need to ensure safety and security of workers living in 'Shramik Basti' in Naini Parliamentary Constituency, Allahabad.

कुवंर रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नैनी इलाहाबाद में श्रमिक बस्ती की स्थापना केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से 1950 में की गई थी। यहां पर कुल 1350 श्रमिक आवास हैं, परंतु यहां पर लगभग दस हजार लोग रह रहे हैं। सरकार चाहती है कि इनमें निवास करने वाले श्रमिकों को इन भवनों का स्वामित्व भी दिया जाये। पी.ए.सी. के लोग यहां के कई आवासों एवं पार्कों में निवास कर रहे हैं। पी.ए.सी. के जवानों के रहने के कारण यहां के श्रमिकों को असुविधा हो रही है। श्रम विभाग के आदेश 24.02.94 व 21.02.05 द्वारा श्रमिक बस्ती के निवासियों को भवनों के स्वामित्व दिए जाने के आदेश भी पूर्व में दिए जा चुके हैं। परन्तु, आदेशों का अनुपालन नहीं हो पाया है। यहां के श्रमिकों ने अपने नाम से जल एवं बिजली कनेक्शन भी ले रखे हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस मामले में तुंत हस्तक्षेप कर उक्त श्रमिक बसती के निवासियों की समस्याओं का शीघ्र निदान करें।